## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोचियों से खरीदा पर मंडी शुल्क नहीं, 980 क्विंटल धान जब्त

रायगढ़। धान खरीदी से पहले जिले के सरिया एवं घरघोड़ा में खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है और कोचियों से धान खरीदने एवं उस पर मंडी शुल्क नहीं देने वाले दो व्यापारियों से करीब 980 क्विंटल धान जप्त कर मंडी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बुधवार को प्रशासन के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने घरघोड़ा के शुभम एग्रो के फर्म में दबिश दी थी। टीम को यहां पर स्टाक रजिस्टर नहीं मिला। धान के रजिस्टर्ड व्यापारी गोविंद अग्रवाल ने बताया कि किसानों से धान खरीदा है लेकिन इस पर देय मंडी शुल्क का कोई रिकार्ड नहीं था। पूछताछ में सहयोग नहीं किए जाने पर और अवैध धान की आशंका में विभाग ने गोदाम में गिनती शुरू की और मंडी शुल्क देय नहीं होने पर 896 क्विंटल धान जप्त कर मंडी एक्ट के तहत केस बना दिया। इसके बाद शाम को सरिया के गणेश अग्रवाल के यहां छापा मारा गया। गणेश की कई बार शिकायत विभाग को मिली थी। व्यापारी कोचिए से धान खरीदने के बाद बाजार में बेचता था। मंडी शुल्क एवं स्टाक रजिस्टर नहीं मिला तो टीम ने 156 बोरा धान जप्त कर गणेश के खिलाफ केस बना दिया है।

### सेमी फायनल में केजी कालेज ने पुसौर को हराया

रायगढ़। आज के छठवें दिवस सेमीफाइनल मैच जो कि शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ शासकीय महाविद्यालय पुसौर के बीच खेला गया जिसमें शासकीय महाविद्यालय पुसौर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शासकीय महाविद्यालय पुसौर ने 53 रन बनाया। जिसमें सचिन चौहान ने 12 रन पांच विकेट लिये तथा अन्य प्लेयर विरेन्द्र ने 3 विकेट, अनिल सिदार 1 विकेट लिये एवं मो. जफर सादिक खान ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय ने बिना विकेट खोय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें गगन दीप सिंह ने नाबाद 27 रन तथा प्रियांशु कास्यकार ने नाबाद 25 रन बनाया। आज के सेमीफाइनल मैच में प्रिंसिपल केएल टांडेकर तथा क्रिडा अधिकारी तापस चटर्जी उपस्थित थे।

### कलेक्टर परिसर का बोर खराब अधिकारी व आम जनता पानी के लिए परेशान

रायगढ़। जिला मुख्यालय परिसर में लगा बोर खराब हो जाने से आम जनता व अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सूखे कंठ को तर करने के लिए जद्दोजहद कर रहे है। शाम ढलते ही पारा में एकाएक गिरावट आने लगती है परंतु सुबह 10 बजे के बाद तापमान बढ़ने से धूप चिलचिलाती रहती है इस बीच लोगों को ठंड में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। वही इस गर्मी से लोग बेहाल हो रहे है। जिसमे कलेक्ट्रेट में बोर खराब हो जाने के बाद लोगो को पीने का पानी नसीब नही हो रहा था बताया जा रहा है कि बोर में तकनीकी खराबी आ जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। जिसका सीधा असर लोगो पर पड़ रहा हैं आलम यह रहा कि इस जद्दोजहद के बीच लोगो को महंगे दाम पर बोतलबंद पानी खरीद कर पीना पड़ा। इसके साथ ही अधिकारियों के अधीनस्थ कर्मचारियों को परिसर के बाहर से पानी भी लाना पड़ गया।

### बंद कमरे में दांव लगा रहे 16 जुआरी से 47 हजार जब्त

रायगढ़। त्यौहारी सीजन व खासतौर पर दीवाली आते ही सामाजिक बुराई जुआ का खेल गली गली में होने लगता है। जिसमें लोगो की महज यही मानसिकता रहती है कि बिना कुछ किए ही सब कुछ मिल जाये । इस चाहत मे 16 जुआरियो को हवालात की हवा खानी पड़ी। रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में लंबे समय से छुप-छुप कर अलग-अलग ठिकानों पर जुए का खेल चल रहा था। पुलिस भी इसे रोकने में अपनी नजर बनाए हुए थी। मुखबिरों का जाल फैलाया गया था। वही तमनार टीआई विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिली की झिकाबाहल ग्राम में एक घर में 16 जुवारियों ताश खेल रहे है।

# सारंगढ़ तहसील में मानव तस्करी का मामला, 6 दंपत्तियों का किया गया शोषण

**न्याय साक्षी ब्यूरो - नरेश चौहान सारंगढ़**

**रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य में मानव तस्करी के मामले पूर्व में भी सामने आए हैं। ग्रामीणों को रोजगार की कमी के कारण और पेट भरने के लिए दिखाए गए सब्ज-बाग की परिणिति होती है मानव-तस्करी। कई बार मानव तस्करी एवं पलायन को एक दूसरे के पूरक के रूप में भी देखा जाता है। एक ऐसा ही मामला छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ जिला अंतर्गत सारंगढ़ तहसील में भी जानकारी में आया है।**





ग्राम पंचायत खरवानी छोटे का आश्रित ग्राम बन्हर है, जहां के 6 दंपतियों को उनकी गरीबी और लाचारी का गलत फ़ायदा उठाया गया और उन्हें जिला मुख्यालय रायगढ़ में काम देने के एवज पर झारखंड ले जाया गया और वहां उनका शोषण किया गया ऐसा बताया गया है। यह भी आरोप है कि, न तो उन्हें खाने पीने के लिए राशन दिया जाता था और न ही मजदूरी दी जाती थी, जबकि उनको 500 रूपये दिए जाने का वायदा किया गया था।

बताया गया कि, ठेकेदार अपने लाभ के लिए उन सभी दंपत्तियों का शोषण करता रहा।

पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि सारंगढ़ के ग्राम पंचायत सराईपाली का सरपंच पटेल के द्वारा उन्हें झूट बोलकर रायगढ़ की जगह झारखंड ले गया, जब बात पैसे देने की समय आई तो मध्यस्थता करने वाले लोग छोड़कर भाग गए जहां 6 दम्पत्तियों में दो दंपत्ति जैसे तैसे करके झारखंड से किसी तरह भागकर घर लौटे वही, बताया गया कि, 4 दंपत्ति अभी भी झारखण्ड में कथित तौर पर बंधक बने हुए हैं। आलम यह है कि ग्रामीण सरपंच के भय के कारण शिकायत करने से भी डर रहे है, उन्हें सरपंच पटेल के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है, लेकिन कोई रिपोर्ट अथवा कार्यवाही अभी तक इस सम्बंध में दिखाई नहीं दी है। ऐसे स्थितियों में भोले भाले मजदूर लोगों का भगवान मालिक है। वैसे इस सम्बंध में शासन से मान्यता प्राप्त संस्था सामाजिक न्याय संघ को भी सूचना दी गई है, जो कि संज्ञान लेकर सहयोग प्रदान कर सकती है।

आपको बता दें केंद्र सरकार और राज्य सरकार पलायन व मानव तस्करी को दूर भगाने व रोकने के लिए कइयों योजनाएं चला रही हैं पंचायत के माध्यम से, ऐसी स्थित में पद में बैठे सरपंच ही ऐसे कार्य को अंजाम देने लगें हैं तो क्या कहा जा सकता है।

इस मसले में, शासन के बनाये नियम को ताक़ में रखते हुए सरपंच पटेल द्वारा शासन के विपक्ष कार्य किया जा रहा है ऐसे में उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए, जो कि ग्रामीणों के सामने आने से ही संभव होगा। वैसे भी यदि कोई ग्रामीण कहीं बाहर कमाने-खाने के लिए जाए तो इसकी सूचना शासन को रखने की योजना भी है लेकिन क्रियान्वन नहीं होने की शक्ल में ऐसे कार्य अंजाम तक पहुंचते हैं, इस प्रकार के मामले में अब क्या कार्यवाही होगी ये देखने वाली बात होगी।

## महिला ने आग लगाकर की खुदखुशी



रायगढ़। नव विवाहित महिला ने खुद पर मिट्टी तेल डाल आग लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिससे इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार महिला की कुछ दिनों से मानसिक दशा ठीक नही थी। मामले में कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है। मृतका नूतन चौहान पति चितरंजन उम्र 23 वर्ष बरतुंगा थाना खरसिया निवासी है। महिला का पति चितरंजन जम्मू कश्मीर में रोजी मजदूरी का कार्य करने गया है। जिस कारण महिला अपने मायके में ही रहती थी। परिजनों के मुताबिक मृतिका नूतन घर मे थी वही उसकी मां नहाने गई थी। इस बीच महिला खुद को अकेला पाकर लगभग सुबह 11 बजे घर मे मिट्टी तेल खुद पर उड़ेलकर आग लगा ली। जिसके बाद आग की लपटों से घिरी महिला चिल्लाने लगी आनन फानन में परिजनों व पड़ोसी मौके पर आये तो महिला नूतन को जलते देख उनके होश उड़ गए। किसी तरह आग को बुझाया गया । वही खरसिया अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने महिला की दशा को देखते हुए आरम्भिक उपचार कर रिफर कर दिये। वही जिंदगी और मौत की जंग लड़ते हुए महिला ने दम तोड़ दिया। मामले में पीएम व अन्य की कार्रवाई किये जाने के बाद शव को दाह संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**चार वर्ष पूर्व हुई थी शादी**

महिला की मौत के बाद तहसीलदार द्वारा मृतिका के मायके वाले का बयान दर्ज किया जिसमे परिजनों ने पति के बाहर कामकाज पर जाने से नूतन काफी उदास रहती थी व इस कारण मानसिक तनाव ग्रस्त थी।

### भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को बैंक में जीवित प्रमाण-पत्र जमा करने के निर्देश

रायगढ़। जिला सैनिक वेलफेयर अधिकारी ने जिले के समस्त पेंशनर भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित करते हुए कहा है कि अपने पेंशन को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए माह नवंबर 2018 में अपना जीवित प्रमाण-पत्र अपने निकटतम बैंक में जाकर अथवा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर पीपीओ, आधार, पेंशन पासबुक एवं मोबाइल नंबर के साथ आकर ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस आज, राज्यपाल आनंदीबेन करेंगी तीन दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। चुनावी वर्ष में इस वर्ष का तीन दिवसीय आयोजन ग्राम तूता स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में होगा। उत्सव का शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी।

आचार संहिता के कारण इस वर्ष आयोजन के स्वरूप को थोड़ा परिवर्तित किया गया है।

## मिनी स्टेडियम में फुटकर फटाखा दुकान के लिए 70 स्टाल बनकर तैयार, आबंटन का इंतजार



रायगढ़। दीपावली पर्व आने को महज कुछ ही दिनों का समय शेष है। लोग दीवाली की तैयारी में जुट गए है। वही मद्देनजर जिला प्रशासन व नगर निगम अमला द्वारा फुटकर फटाखा व्यव्सायियों के लिए पटाखा स्टाल मिनी स्टेडियम व फूल व दीया समेत बताशा एवं सजावट की दुकान नटवर स्कूल में लगाने के लिए कवायद कर ली है। नगर निगम ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है जिसमें चक्रधर नगर मिनी स्टेडियम में फटाखा स्टाल पूरी तरह तैयार हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इस बार 70 दुकान बनाई गई है। जिसमें अब तक 62 आवेदन भी दुकान के लिए आ चुके है।

विदित है कि शहर की सड़कों में जाम की स्थिति से निपटने यातायात विभाग व निगम द्वारा दीपावली के लिए पांच साल पहले दुकानों के लिए स्थल का निर्धारण कर लिया है। पूर्व में जहां रिहायशी इलाके नटवर स्कूल मैदान में फुटकर बिक्री के लिए दुकान लगाया जाता था। जिसे सुरक्षा की दृष्टिकोण से मिनी स्टेडियम में परिवर्तित किया गया था। फटाखा व फूल, बताशा व दीया समेत सजावटी सामान की दुकान मिनी स्टेडियम नटवर स्कूल मैदान में लगाए जाने वाले दुकानों के लिए जिला प्रशासन फटाखा व सजावटी समान के लिए पसरा भी विधिवत आवेदन के बाद बाटेंगी। ताकि उसके हिसाब से लोग बैठकर सामान की ब्रिकी करेंगे। उनके बदले में तय किराया वसूला जाएगा।

**थोक व्यापारियों को चिल्हर बिक्री न करने आवेदन**

शहर में घनी आबादी के बीच थोक व्यापारियों एवं पटाखा गोदाम से चिल्हर में पटाखे बेचने का विरोध शुरू हो गया है और मिनी स्टेडियम में दुकान लगाने वाले रिटेल कारोबारियों ने इसे लेकर प्रशासन के आदेश की अनदेखी और सुरक्षा व्यवस्था को कारण बताकर इसमें रोक लगाने की मांग की है। जिससे फुटकर व्यापारियों ने कलेक्टर से मिलकर अपना दुखड़ा सुनाया है। वही इस क्रम में सजावट दुकान वाले भी ज्ञापन के माध्यम से विरोध दर्ज कराए है।

**यातायात की समस्या बिगाड़ेगा बाजार की रौनक**

शहर में सड़क पर दुकान लगने व दुकान का सामान फैला कर बिक्री किये जाने से शहर के मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण 2 एवं 3 नवंबर को

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 के अंतर्गत मतदान दल कर्मियों के लिए 2 एवं 3 नवंबर को शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी को मतदान दलों के सदस्यों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराने हेतु निर्देशित किया है।

### ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाईजेशन 2 नवंबर को



रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 के अंतर्गत निर्वाचन हेतु उपयोग में लाए जाने वाले ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन 2 नवंबर को प्रातः 9 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय रायगढ़ के एनआईसी कक्ष में किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931